दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 191 मूल्य : 5 रू पृष्ठ : 8

शनिवार
30 मई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## अनमोल वचन

"भगवान की एक परम प्रिय के रूप में पूजा की जानी चाहिए, इस या अगले जीवन की सभी चीजों से बढ़कर।"

## संक्षिप्त न्यूज

### वाइस एडमिरल अजय कोचर ने 48वें नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया



नई दिल्ली। वाइस एडमिरल अजय कोचर ने शुक्रवार को 48वें नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पुणे में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र, वाइस एडमिरल अजय कोचर ने जुलाई 1988 में भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त किया था। तोप और मिसाइल प्रणालियों के विशेषज्ञ, वाइस एडमिरल अजय कोचर 37 वर्षों से अधिक की सेवा में कमान, परिचालन और स्टाफ संबंधी कई पदों पर कार्यरत रहे।

# गृह मंत्री अमित शाह ने प्रौद्योगिकी और नागरिक भागीदारी सहित चार स्तरीय सुरक्षा उपायों के साथ सीमा प्रबंधन में बड़े बदलाव की घोषणा की



नई दिल्ली (एजेंसी)। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सीमाओं को सुरक्षित करना और अवैध प्रवासन पर अंकुश लगाना राष्ट्र की जनसांख्यिकी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। वे आज गुजरात के भुज में भारत-पाकिस्तान सीमा पर महत्वपूर्ण जी-7 और जी-13 सीमा चौकियों के उद्घाटन के बाद सैनिकों और उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार लीक प्रूफ सुरक्षा ग्रिड स्थापित करने के लिए ड्रोन, रडार और आधुनिक बाड सहित अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रही है। उन्होंने नई सुरक्षा ग्रिड के साथ सीमा प्रबंधन में बदलाव की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस मॉडल के तहत नागरिकों, प्रशासन, स्थानीय पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल और सेना के सहयोग से पूर्ण क्षेत्रीय सुरक्षा प्रबंधन किया जाएगा।

गृह मंत्री ने पिछले छह दशक से देश की सुरक्षा में अग्रिम रक्षा पंक्ति के रूप में सेवा कर रहे सीमा सुरक्षा बल की सराहना की। उन्होंने मातृ भूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले दो हजार से अधिक बीएसएफ कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं का उल्लेख करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के साथ लम्बे समय से जारी गतिरोध समाप्त हो गया है और नई राज्य सरकार ने एक सप्ताह में ही सीमा पार बाड लगाने के लिए जमीन उपलब्ध करा दी है।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी और शीर्ष सुरक्षा अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# नीट पेपर लीक मामले में चूक की जिम्मेदारी तय की जानी होगी



नई दिल्ली (एजेंसी)। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि नीट पेपर लीक मामले में चूक की जिम्मेदारी तय की जानी होगी। न्यायमूर्ति पी. एस.नरसिम्हा और आलोक आराधे की पीठ आज इस मामले में दायर याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। इनमें एक याचिका में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी दृ एनटीए के पुनर्गठन या इसे हटाने का निर्देश देने और इसके स्थान पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिये एक सशक्त और स्वायत्त निकाय के गठन की मांग की गयी थी। पीठ ने केंद्र से हलफनामा दायर करने को कहा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई जुलाई के दूसरे सप्ताह में होगी।

महाधिवक्ता तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि सरकार युवाओं के लिये चिंतित है और यह सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है कि आगे ऐसी कोई चूक न हो। उन्होंने पीठ से यह भी कहा कि अगले महीने की 21 तारीख को होने वाली नीट -यूजी पुनःपरीक्षा के लिये कुछ नयी व्यवस्था की गयी है।

# देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त भंडार है - सरकार ने कहा

सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त भंडार है और सभी शोधन संयंत्र अधिकतम स्तर पर काम कर रहे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में अंतर मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन में कहा कि किसी भी एलपीजी वितरक से रसोई गैस कमी की कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि कुछ जिलों में कृषि मांग और बाजार के बदलते रूख के कारण पेट्रोल और डीजल की बिक्री असामान्य रूप से बढ़ी है। खुदरा बिक्री केंद्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 150 जिलों ने पेट्रोल में 30 प्रतिशतऔर 156 जिलों ने 30 प्रतिशत से अधिक वृद्धि की सूचना दी है। सरकार स्थिति की समीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि मार्च से आठ लाख 30 हजार से अधिक पीएनजी कनेक्शन शुरू कर दिये गये हैं और साढ़े आठ लाख नए उपभोक्ता पंजीकृत हुए हैं। पिछले चार दिन में ही एक करोड़ 78 लाख रसोई गैस रिफिलिंग की बुकिंग हुई है और एक करोड़ 80 लाख सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है।

सुजाता शर्मा ने कहा कि प्रवर्तन एजेंसियों और तेल विपणन कम्पनियों ने जांच बढ़ा दी है तथा कई दोषी डीलर और वितरकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। व्यावसायिक एल पी जी की आपूर्ति व्यवस्था सुचारू है। औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए प्राकृतिक गैस की आपूर्ति 99 प्रतिशत बहाल हो चुकी है।

विदेश मंत्रालय में खाड़ी क्षेत्र के लिए अपर सचिव असीम महाजन ने कहा कि सरकार खाड़ी क्षेत्र और पश्चिम-एशिया के घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रही है और भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि दूतावास और वाणिज्य दूतावास चौबीसों घंटे हेल्पलाइन संचालित कर रहे हैं। इस क्षेत्र से देश के विभिन्न स्थानों तक अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था की गयी है।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने कहा मंत्रालय निर्बाध समुद्री परिचालन के लिए विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावासों और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि वाणिज्यिक पोत निसोस केरोस होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकल गया है और तीन जून तक इसके विशाखापत्तनम पहुंचने की आशा है। इस पोत से लगभग दो लाख 70 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सभी भारतीय पोत सुरक्षित हैं और किसी घटना की कोई खबर नहीं है।

# मेघालय से राज्यसभा सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को होंगे



मेघालय(एजेंसी)। मेघालय से राज्यसभा सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी. डी. आर. तिवारी ने आज राज्य में राज्यसभा चुनाव के संचालन के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक के बाद तिथि की घोषणा की। राज्य में राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 1 जून से अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 जून है। नामांकन पत्रों की जांच 9 जून को होगी। उम्मीदवार 11 जून तक नामांकन वापस ले सकते हैं। मतदान सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा और मतगणना उसी दिन शाम 5 बजे होगी।

# बैंकिंग धोखाधड़ी के 10 हजार से अधिक मामले दर्ज

नई दिल्ली (एजेंसी)। रिजर्व बैंक ने खबर दी है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक और वित्तीय संस्थानों में धोखाधड़ी के कुल मिलाकर 10 हजार 114 मामले दर्ज किए गए। इनमें 48 हजार 21 करोड़ रुपये की जालसाजी हुई है। रिजर्व बैंक की आज जारी वार्षिक रिपोर्ट में पिछले तीन साल में धोखाधड़ी मामलों के आकलन से पता चलता है कि सार्वजनकि और निजी क्षेत्र के बैंकों में धोखाधड़ी की घटनाएं कम हुई लेकिन इन मामलों में अधिक धनराशि का घोटाला हुआ।

रिजर्व बैंक ने कहा कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में साइबर जोखिम नियंत्रण के लिए माइक्रो डेटा एलालिटिक्स प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा।

# भारत में सबस्ट्रेट निर्माण प्रौद्योगिकी के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए



ओडिसा(एजेंसी)। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और ओडिसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी तथा इंटेल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की उपस्थिति में आज भारत में सबस्ट्रेट निर्माण प्रौद्योगिकी के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गये। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे भारत में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को और बढ़ावा मिलेगा।

ओडिसा सरकार, इंटेल कॉर्पोरेशन और अमरीका की थ्री डी जी एस इन्कॉरपोरेशन के बीच ओडिशा में उन्नत पैकेजिंग ग्लास कोर सबस्ट्रेट निर्माण सुविधा स्थापित करने का मसौदा तैयार करने लिये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह परियोजना देश में सबसे बड़े उच्च-प्रौद्योगिकी विनिर्माण निवेशों में से एक है। प्रस्तावित सुविधा भुवनेश्वर-खरदा क्षेत्र में स्थित होगी। इस परियोजना से उच्च-कुशल रोजगार के अवसर पैदा होने के साथ-साथ व्यापक विनिर्माण और प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम में महत्वपूर्ण अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

# केन्या में पुलिस ने 8 छात्राओं को आगजनी की घटना के सिलसिले में किया गिरफ्तार

केन्या(एजेंसी)। केन्या में पुलिस ने आठ छात्राओं को आगजनी की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एक बोर्डिंग स्कूल में लगी भीषण आग के बाद की गई, जिसमें 16 बच्चों की मौत हुई थी और कई अन्य घायल हो गए थे।पुलिस ने बताया कि यह घटना मध्य केन्या के एक विद्यालय में हुई। जांच एजेंसियों का कहना है कि गिरफ्तार छात्राओं पर छात्रावास में आग लगाने की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का संदेह है।

# विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा- कांगो गणराज्य में इबोला के 906 संदिग्ध मामले सामने आए



इबोला (एजेंसी)। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि कांगो गणराज्य में इबोला के 906 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। इनमें 223 लोगों की मौत हुई है, जिसकी जांच की जा रही है। कांगो में इबोला के बुंडीबुग्यो स्ट्रेन का संक्रमण जारी है। युगांडा में भी इसके मामले सामने आ रहे हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कांगों में इबोला के 125 मामलों की पुष्टि हुई हैं। युगांडा में भी इबोला के सात मामलों की पुष्टि हुई है। हालांकि, सामुदायिक संक्रमण की खबर नहीं है।

पूर्वी कांगो में इबोला संक्रमण दो महीने पहले शुरू हुआ था। बुंडीबुग्यो स्ट्रेन के लिए कोई अनुमोदित टीका या उपचार उपलब्ध नहीं हैं।

# न्यूयॉर्क में आयोजित गोलमेज बैठक में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भाग लिया



नई दिल्ली (एजेंसी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने न्यूयॉर्क में गोलमेज बैठक में भाग लिया और 50 से अधिक व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं से बातचीत की। यह बैठक भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा भारत-अमरीका रणनीतिक साझेदारी मंच के सहयोग से आयोजित की गई थी। केंद्रीय उद्योग मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उन्होंने बैठक में भारत की मजबूत आर्थिक विकास स्थिति, सुधार-आधारित व्यापार माहौल और वैश्विक निवेशकों के लिए बढ़ते अवसरों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में तेज आर्थिक सुधार हो रहे हैं। बैठक में भारत-अमरीका के बीच व्यापार, निवेश, नवाचार और आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई।

# ब्राजील के दो बड़े आपराधिक गिरोहों को अमरीका ने विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया

अमरीका (एजेसी)। अमरीका के विदेश विभाग ने ब्राजील के दो बड़े आपराधिक गिरोहों- फर्स्ट कमांड ऑफ द कैपिटल यानी पीसीसी और रेड कमांड यानी सीवी को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया है। विशेषज्ञों के अनुसार, इन दोनों गिरोहों के कुल सदस्यों की संख्या पचास हजार से अधिक हो सकती है।

ट्रंप प्रशासन लैटिन अमेरिका में ड्रग तस्करी और संगठित अपराध पर सख्ती के तहत इस तरह के कदम उठा रहा है।

ब्राजील में अक्टूबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थक इस फैसले का समर्थन कर रहे हैं। वहीं, राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा अपराधियों को आतंकवादी घोषित किए जाने का विरोध कर चुके हैं।



## राष्ट्रहित में सनातन धर्म को छोड़ चुके लोग घर वापिसी करें : कमल कोछड़

– मूल धर्म में वापिसी करने वाले लोगों की हर तरह से मदद करेगी श्री गुरू गोबिंद सिंह जी शत्रु नाशक सेना




जीत समाचार लुधियाना (कृष्ण जांगड़ा/ अशोक राही) – वक्त का चक्र अपनी निर्बाध गति से चलता रहता है! वो दिन रात, सुबह शाम, आंधी तूफान कुछ नहीं देखता बस चलता ही रहता है! जो कल था वो आज नहीं है और जो आज है वो कल नहीं रहेगा! जो पिछले वक्त में हुआ वो आज इतिहास में दर्ज हो चुका है और जो आज हो रहा है वो आने वाले कल को इतिहास ही कहलाएगा! वक्त हमें सीख देता है पिछली गलतियों को ना दोहराते हुए खुद के, समाज के और राष्ट्र के विकास हेतु सही रास्ता तलाश करने की! हर वक्त का अपना एक दौर होता है, हर वक्त का एक तकाजा होता है, एक मांग होती है और आज वक्त का तकाजा यही है कि राष्ट्रहित में सनातन धर्म को किसी भय या लालच के कारण छोड़ चुके लोग घर वापिसी कर अपने मूल धर्म में लौट आएं! राष्ट्रहित हेतु सनातन धर्म में वापिसी करने वाले लोगों कि हर तरह से मदद करने के लिए श्री गुरू गोबिंद जी शत्रु नाशक सेना का एक एक सदस्य वचनबद्ध है! यह बात सेना के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल कोछड़ ने आज मीडिया को जारी एक प्रेस नोट के माध्यम से कही है!

उन्होंने कहा है कि अलग अलग धार्मिक मान्यताओं के अति रूप जिसे हम हमारे समाज की विकराल विसंगती और अपने देश का दुर्भाग्य भी कह सकते हैं के कारण हम आज विश्व में तरक्की और विकास की दौड़ में उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाए जिसके हम हकदार हैं जबकि हमारे बाद आजाद हुआ चीन आज किस मुकाम तक जा पहुंचा है यह सारी दुनिया जानती है! उन्होंने कहा है की उनकी संस्था इस बारे में बहुत जल्द एक जनसम्पर्क अभियान चलाने की योजना पर काम कर रही है जिसके माध्यम से धर्म के कारण हमसे बिछड़ चुके हमारे भाई बंधुओं को प्यार मोहब्बत से राष्ट्रहित में एक छत के नीचे लाने की सार्थक चेष्टा की जाएगी!

## डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर हिमांशु जैन ने चुनाव नियमों का सख्ती से पालन करने पर जोर दिया

जीत समाचार लुधियाना।

इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की गाइडलाइंस के मुताबिक, डिप्टी कमिश्नर-कम-डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर हिमांशु जैन ने शुक्रवार को पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी लुधियाना में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वेयरहाउस का हर महीने इंस्पेक्शन किया।

यह इंस्पेक्शन जॉइंट चीफ इलेक्शन ऑफिसर नवनीत कौर बल, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर-कम-एडिशनल डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर पूनम सिंह और अलग-अलग पॉलिटिकल पार्टियों के रिप्रेजेंटेटिव की मौजूदगी में किया गया।

इस मौके पर बोलते हुए, हिमांशु जैन ने जोर दिया कि चुनाव इक्विपमेंट की सिक्योरिटी और इंटीग्रिटी पक्का करने के लिए इस तरह के समय-समय पर इंस्पेक्शन जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि यह काम पूरी ट्रांसपेरेंसी बनाए रखते हुए और इलेक्शन कमीशन के इंस्ट्रक्शन का सख्ती से पालन करते हुए आसानी से किया गया।

यह इंस्पेक्शन एक रूटीन और जरूरी काम है जो पॉलिटिकल पार्टियों के रिप्रेजेंटेटिव की मौजूदगी में किया जाता है ताकि ट्रांसपेरेंसी और चुनाव के नियमों का सख्ती से पालन हो सके।




दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

## महंगाई का महा-विस्फोट!

मोदी सरकार ने आखिरकार देश में महंगाई की आग भड़का ही दी। मोदी सहित भाजपा के मुख्यमंत्रियों को अभी दो दिन पहले ही अचानक फिजूलखर्ची रोकने की हिचकियां आने लगीं और शुक्रवार को उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का बम फोड़ दिया। पेट्रोल और डीजल के दामों में प्रति लीटर तीन रूपए की वृद्धि की गई है। मुंबई में अब पेट्रोल की कीमत बढ़कर 106 रूपए प्रति लीटर हो गई है, जबकि एक लीटर डीजल के लिए मुंबई करों को 93.14 रूपए चुकाने होंगे। सोने-चांदी से लेकर दूध तक कई चीजों के दाम पहले ही बढ़ चुके थे। उसमें सरकार ने ईंधन की कीमतें बढ़ाकर आग में घी डालने का काम किया है। पांच राज्यों के चुनाव होने तक सरकार इस मामले में मुंह में दही जमाए बैठी थी। खाड़ी युद्ध के कारण भारत की ईंधन आपूर्ति पर मोदी ने कैसे आंच नहीं आने दी, जनता को कैसे ईंधन संकट और मूल्य वृद्धि से बचाए रखा, भाजपा के लोग और उनके पिछलग्गू तब ऐसी लफ्फाजी कर रहे थे। लेकिन जैसे ही वे चुनाव खत्म हुए, वहां भाजपा का चुनावी जश्न थमा, सैकड़ों गाड़ियों के रोड-शो और उन पर लाखों रूपयों के ईंधन की बर्बादी पूरी हुई, वैसे ही अचानक प्रधानमंत्री मोदी को किफायत बरतने और 'विदेशी मुद्रा बचाने' की जोरदार याद आ गई। उन्हें देश पर मंडरा रहे ईंधन संकट और सोने की खरीद के कारण विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे असर का अहसास हो गया। रूपए की भारी गिरावट का भान हुआ। इसके बाद उन्होंने जनता से किफायत बरतने की अपील की। जब विपक्ष ने इस बात पर उनकी आलोचना की, तो तिलमिलाए भाजपाइयों ने विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। तो फिर अब सरकार द्वारा की गई इस ईंधन मूल्य वृद्धि पर उनका क्या कहना है? ईंधन के दाम बढ़ाकर और सोने के आयात पर सीमा शुल्क (इंपोर्ट ड्यूटी) में बढ़ोतरी करके सरकार ने खुद ही विपक्ष के इन आरोपों को सच साबित कर दिया है। खाड़ी में युद्ध शुरू हुए अब करीब तीन महीने होने को हैं। इसका अलग-अलग देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ा है। लेकिन केवल मोदी की वजह से भारत कैसे इस संकट से दूर रहा, इसके ढोल पीटे जा रहे थे। अब इन ढोलों को खुद सरकार को ही फोड़ना पड़ा है। मोदी द्वारा किफायत बरतने की अपील के महज तीन दिन बाद ही सरकार ने जनता को महंगाई की भट्ठी में झोंक दिया। सोने-चांदी की कीमतें तो पहले ही आम आदमी की पहुंच से बाहर हो चुकी हैं। दूध दो रूपए महंगा हो गया है। अब पेट्रोल-डीजल महंगा होने से सब्जियों और फलों से लेकर सभी आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ जाएंगे। इसके अलावा, पेट्रोल-डीजल की यह मूल्य वृद्धि यहीं रूक जाएगी, ऐसी भी संभावना कहां है? अगर खाड़ी में युद्ध की स्थिति नहीं सुधरी तो इन कीमतों का और बढ़ना तय है। भले ही अंधभक्त मोदी को 'विश्वगुरू' वगैरह कह रहे हों, लेकिन खाड़ी का युद्ध, उससे उत्पन्न वैश्विक स्थिति और भारत पर उसका प्रभाव रोकना अब मोदी के बस की बात नहीं रही, यह साफ हो चुका है। देश इस समय गंभीर आर्थिक और ईंधन संकट के मुहाने पर खड़ा है। सरकार ने जनता को महंगाई के ज्वालामुखी के मुहाने पर ला खड़ा किया है। पेट्रोल-डीजल की मूल्य वृद्धि का सरकार द्वारा 'दबाकर रखा गया सच' आखिरकार सरेआम आ ही गया। जनता ने मोदी को लगातार तीन बार देश की सत्ता सौंपी। पांच में से तीन राज्य उनकी झोली में डाल दिए। बदले में मोदी ने जनता को महंगाई का 'रिटर्न गिफ्ट' दिया है!

-कमल पवार




जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करे।

9803025111, 8878400009

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्टर की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम! जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।

9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।

सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।

R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106

Contact us :- +91-98030-25111.

# पंजाब के हर जिले के मेन सर्विस सेंटर में भर्ती के लिए 3 जून को स्टेट लेवल का 'जॉब फेयर' लगेगा

## बीए युवाओं के लिए सुनहरा मौका : प्रोजेक्ट हेड प्रभजोत सिंह

जीत समाचार लुधियाना।



पंजाब सरकार ने राज्य के पढ़े-लिखे युवाओं को बेहतर नौकरी के मौके देने और लोगों तक सरकारी सर्विस पहुंचाने वाले 'सर्विस सेंटर' के काम करने के तरीके को और तेज बनाने के लिए एक जरूरी पहल की है। सर्विस सेंटर के पंजाब प्रोजेक्ट हेड श्री प्रभजोत सिंह ने बताया कि बुधवार, 3 जून, 2026 को पूरे पंजाब के सर्विस सेंटर में स्टेट लेवल का 'जॉब फेयर' लगाया जा रहा है।


उन्होंने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर की भर्ती के लिए पूरे पंजाब में क्ष ऑफिस में मौजूद मेन सर्विस सेंटर में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक जॉब फेयर लगाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए अच्छे साधन बना रही है, इसलिए जिन युवाओं को कंप्यूटर की अच्छी जानकारी है, बीए, 120 घंटे का कंप्यूटर कोर्स और 30 शब्द टाइपिंग स्पीड है, उनके लिए यह एक अच्छा ऑप्शन है। इच्छुक युवा बुधवार, 3 जून, 2026 को अपनी पढ़ाई और घर के पहचान पत्र के साथ हर जिले के क्ष कॉम्प्लेक्स में बने सेवा केंद्र में इंटरव्यू के लिए आ सकते हैं और ज़्यादा जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 95305-40651 पर भी संपर्क कर सकते हैं।












दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

# इतिहास और अर्थशास्त्र के शिक्षकों की भर्ती परीक्षा 28 जून को

जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरो)। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने पोस्ट कोड-26025 के तहत इतिहास के शिक्षकों और पोस्ट कोड-26030 के तहत अर्थशास्त्र के शिक्षकों की भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की तिथि घोषित कर दी है।

आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन दोनों श्रेणियों के पदों की परीक्षा 28 जून को होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा से एक सप्ताह पहले आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन hprca-hp-gov-in पर एक लिंक का प्रावधान किया जाएगा, जिससे अभ्यर्थी अपना रोल नंबर एवं एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। रोल नंबर और परीक्षा केंद्र की जानकारी मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जाएगी।

सचिव ने सभी अभ्यर्थियों से नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट पर या अपने मोबाइल पर एसएमएस और ईमेल पर ताजा स्टेटस चेक करते रहने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए आयोग के कार्यालय में या दूरभाष नंबर 01972-222204 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# जल शक्ति विभाग में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत सौरव सुमन जी से आत्मीय भेंट हुई।



जीत समाचार शिमला। जल शक्ति विभाग में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत सौरव सुमन जी से आत्मीय भेंट हुई। सौरव जी ने उज्बेकिस्तान के नुकुस में आयोजित एशियन कुराश कप (सीनियर वर्ग) में कांस्य पदक जीतकर हिमाचल प्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है।

इस शानदार उपलब्धि पर सौरव जी को बधाई एवं आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएँ दीं।

पूर्ण विश्वास है कि आपकी यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं को खेलों तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

# जनसुनवाई केवल शिकायतें सुनने की प्रक्रिया नहीं है



जीत समाचार शिमला। जनसुनवाई केवल शिकायतें सुनने की प्रक्रिया नहीं है, यह जनता के विश्वास को समझने और उसे सुदृढ़ करने का माध्यम है।सचिवालय में लोगों की समस्याएँ सुनकर उनके प्रभावी समाधान हेतु निर्देश दिए। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा हमारा मानना है कि शासन तभी सार्थक होता है जब हर आवाज को सुनकर हर समस्या को गंभीरता से समझा जाए और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो।

# कलवाल गांव में सुरेश कुमार बने प्रधान,

## बीजेपी के टिकट पर दर्ज की बड़ी जीत -गांव में जश्न का माहौल





जीत समाचार कलवाल हिमाचल (ब्यूरो चीफ)। कलवाल गांव में प्रधान पद के उम्मीदवार सुरेश कुमार की जीत के बाद पूरे गांव में जश्न का माहौल देखने को मिला। लोकप्रिय, मिलनसार व संघर्षशील छवि वाले सुरेश कुमार ने चुनाव में शानदार जीत हासिल की। खास बात यह रही कि उन्होंने कांग्रेस के कार्ड पर रहकर चुनाव लड़ा और विरोधियों को हराकर अपनी मजबूत पकड़ साबित की।

गांववासियों का कहना है कि सुरेश कुमार कई वर्षों से गांव की सेवा करते आ रहे हैं। गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करना उनकी पहचान रही है। लोगों ने कहा कि इस बार गांव ने अपने सच्चे नेता को चुना है, जो हर समय लोगों के सुख-दुख में साथ खड़ा रहता है।

सुरेश कुमार बाबा बालक नाथ मंदिर के ट्रस्टी भी रह चुके हैं। श्रद्धालुओं के बीच भी उनकी अच्छी छवि है। उनकी जीत के बाद समर्थकों और श्रद्धालुओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया।

जीत के बाद सुरेश कुमार ने गांववासियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब वह पूरे गांव के प्रधान हैं, चाहे कोई किसी भी पार्टी से जुड़ा हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गांव को साफ-सुथरा बनाने और लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए वह दिन-रात मेहनत करेंगे।

उनकी जीत को गांव के लोग विकास और नई उम्मीद की शुरुआत मान रहे हैं।

# नशे की रोकथाम के लिए सभी विभागों के समन्वित प्रयास जरूरीः एडीसी विनय कुमार




जीत समाचार धर्मशाला(ब्यूरो)। जिला कांगड़ा में नशे की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा के लिए आज एनआईसी सभागार, धर्मशाला में राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) विनय कुमार ने की। बैठक में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों और बहुआयामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए एडीसी विनय कुमार ने कहा कि जिले के 44 चिन्हित पंचायतों में विभिन्न विभागों के अधिकारी स्कूलों का दौरा कर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे तथा उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

उन्होंने कहा कि नशे के मामलों में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है, ताकि नशे की सप्लाई चेन तक पहुंचकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। नशे की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के अवैध कब्जों को हटाने के साथ-साथ यदि कोई सरकारी कर्मचारी ऐसी गतिविधियों में शामिल पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

एडीसी ने 'संवाद' कार्यक्रम की उपयोगिता पर बल देते हुए शिक्षा विभाग को स्कूलों में गठित प्रहरी क्लबों को सक्रिय बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए संवाद कार्यक्रम के तहत नियमित गतिविधियां आयोजित की जाएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी विद्यालय अपने परिसरों तथा आसपास किसी भी प्रकार की नशा संबंधी गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। साथ ही विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए नियमित कार्यशालाएं एवं परामर्श सत्र आयोजित किए जाएं।

विनय कुमार ने बताया कि सभी पंचायतों में नशा मुक्ति जागरूकता संबंधी होर्डिंग्स स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने निजी नशा मुक्ति केंद्रों के नियमित निरीक्षण तथा उनकी कार्यप्रणाली के मासिक मूल्यांकन के लिए प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित करने पर भी बल दिया।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएनटीएफ) राजेंद्र जसवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक करोल, जिला कार्यक्रम अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. अनुराधा, उपनिदेशक कृषि कुलदीप धीमान, सहायक आयुक्त आबकारी रविंद्र सिंह, उपनिदेशक शिक्षा कार्यालय से नवदीप ठाकुर एवं संजय ठाकुर, शिरा एनजीओ से मोनिका, एमएसटी एनजीओ से अनिल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि तथा जिले के डीएसपी एवं बीएमओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

# ‘टम्बर मेले’ में कुश्ती का रोमांच-दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम-खम



जीत समाचार जयसिंहपुर/टम्बर(अभिषेक)। जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टंबर में शुक्रवार को आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में स्थानीय और बाहरी पहलवानों ने अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। अखाड़े में उतरे पहलवानों ने दांव-पेंच और ताकत के जरिए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस कुश्ती प्रतियोगिता में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां दांव पर लगे सम्मान के लिए पहलवानों ने पूरी ताकत झोंक दी। दर्शकों की भारी भीड़ ने तालियों और नारों के साथ पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन न केवल पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवाओं में शारीरिक फिटनेस और अनुशासन की भावना भी जागृत करते हैं। बड़ी कुश्ती में ईनाम राशि 5100/- व 3100/- जिसमें रवींद्र दिल्ली-करण कांगड़ा के साथ हुई। और छोटी कुश्ती में ईनाम राशि 3100/- व 2100/- जिसमें विकास-अंशुल साथ हुई।

विजेता पहलवानों को सीनीय गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के सफल समापन पर आयोजक समिति ने सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों और खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

# लड़कियों को कैंसर रोधी टीका लगवाने का आखिरी मौका

## 31 मई को समाप्त हो जाएगा एचपीवी वैक्सीन का टीकाकरण अभियान

हमीरपुर (ब्यूरों)। सर्विकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) से बचाव हेतु आरंभ किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की लड़कियों को मुफ्त टीके लगवाने का अब आखिरी मौका है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि यह विशेष अभियान 31 मई को समाप्त होने जा रहा है। इसके बाद 15 वर्ष की आयु पार करने वाली लड़कियों को भविष्य में यह टीका लगवाने का अवसर नहीं मिलेगा।

डॉ. अजय अत्री ने बताया कि शुक्रवार को जिला में 15 लड़कियों ने यह टीका लगवाया और इसके साथ ही जिला में एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवाने वाली लड़कियों की संख्या 1370 हो गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की सभी लड़कियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की है कि वे 31 मई तक सभी पात्र लड़कियों की वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने में सहयोग करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि महिलाओं में बार-बार इनफेक्शन के कारण सर्विकल कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। सर्विकल कैंसर की शिकार लगभग 99.7 प्रतिशत महिलाओं में इसका कारण लंबे समय तक इनफेक्शन होना ही है। एक अध्ययन के अनुसार एक लाख महिलाओं में लगभग 14 महिलाएं इससे ग्रस्त पाई जाती हैं। महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्विकल कैंसर सबसे ज्यादा पाया गया है। इस गंभीर रोग से बचाव के लिए ही एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान आरंभ किया गया है।

# नगर निगम मंडी की 31मई को होने वाली मतगणना के लिए पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न




जीत समाचार मंडी(ब्यूरों)।

नगर निगम मंडी चुनाव-2026 के दृष्टिगत आज वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के प्रशासनिक भवन स्थित परीक्षा हॉल में मतगणना प्रक्रिया का अंतिम पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी रूपिंदर कौर के निर्देशन में संपन्न हुआ।

इस पर मतगणना कार्य में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतगणना प्रक्रिया, टेबल प्रबंधन, अभिलेख संधारण, परिणाम संकलन तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों को मतगणना के दौरान पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी रूपिंदर कौर ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया निर्वाचन का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं सतर्कता के साथ करें। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।उन्होंने बताया कि नगर निगम के 14बार्डों के 36बूथों की मतगणना के लिए 13 टेबल लगाए गए हैं मतगणना तीन राउंड में पूर्ण होंगी!

उन्होंने बताया कि मतगणना सम्पन्न करवाने के लिए कुल 136 अधिकारी कर्मचारी तैनात किए गए है जिसमें 18 काउंटिंग सुपरिवाइजर और 18 काउंटिंग सहायक शामिल हैं!

सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने पूर्वाभ्यास के दौरान मतगणना हॉल की व्यवस्थाओं, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं का भी निरीक्षण किया गया।

पूर्वाभ्यास में मुख्य प्रशिक्षक विजय शर्मा तथा डॉ. कर्म सिंह ठाकुर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतगणना प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की।

रिहर्सल कार्यक्रम में संजीव धीमान तहसीलदार, निर्वाचन कानूनगो, डॉ. नवीन ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।






## कल से मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में गर्मी कम होने की संभावना

मध्य प्रदेश। मौसम विभाग ने कहा है कि देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में भीषण गर्मी में कमी आई है और कल से मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में भी गर्मी कम होने की संभावना है। आज से 31 मई तक देश के उत्तर-पश्चिमी, मध्य और पूर्वी हिस्सों में गरज के साथ आंधी-वर्षा का अनुमान है।

तेलंगाना और पश्चिमी मध्य प्रदेश में कल भीषण गर्मी पड़ सकती है। मध्य महाराष्ट्र और गुजरात में तेज हवाओं के साथ वर्षा हो सकती है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में ओलावृष्टि और आंधी-तूफान की संभावना है। राजस्थान में भी धूल भरी आंधी की आशंका है।

## दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने डस्ट पोर्टल 2.0 को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आज धूल और प्रदूषण से निपटने के लिए तैयार किए जा रहे नए डस्ट पोर्टल 2.0 को लेकर दिल्ली सचिवालय में समीक्षा बैठक की। श्री सिरसा ने बताया कि यह पोर्टल आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस - एआई आधारित मॉनिटरिंग, रियल-टाइम ट्रैकिंग, ऑटोमेटेड ऑडिट, अलर्ट सिस्टम और कैमरा-सेंसर डेटा के जरिए बताएगा कि किन साइट पर नियमों का पालन हो रहा है तथा कहाँ लापरवाही हो रही है। श्री सिरसा ने कहा कि येलो, ऑरेंज और रेड अलर्ट के माध्यम से समय रहते कार्रवाई करना आसान होगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से हर साइट की सातों दिन 24 घंटे लाइव मॉनिटरिंग होगी, जिससे लापरवाही करने वालों पर तुरंत और सख्त कार्रवाई होगी। मंत्री ने कहा कि सरकार का मकसद सिर्फ डेटा इकट्ठा करना नहीं, बल्कि धूल और प्रदूषण को रोकने की जवाबदेही तय करना है ।

### 'अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मंच' में एनएसए अजीत डोभाल ने आतंकवाद पर भारत के रूख को स्पष्ट किया




रूस(एजेंसी)। रूस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मंच को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड नहीं अपनाए जा सकते।

मॉस्को में आयोजित इस बैठक में श्री डोभाल ने कहा कि जिम्मेदार देशों को यह तय करना होगा कि वे आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों का साथ देंगे या उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी वैश्विक संस्थाओं में सुधार का विषय भी उठाया और इनमें वैश्विक दक्षिण देशों के अधिक प्रतिनिधित्व की बात कही।

श्री डोभाल ने पश्चिम एशिया की स्थिति का उल्लेख करते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर जैसे अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों में व्यापार की सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

## 'है जवानी तो इश्क होना है' का मसला पहुंचा हाई कोर्ट, मेकर्स पर वासु भगनानी ने ठोका 400 करोड़ का मुकदमा




फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' को लेकर बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों सुर्खियों में हैं. अब इस फिल्म के गाने का विवाद कोर्ट तक पहुंच गया है. विवाद के बीच में प्रोड्यूसर वासु भगनानी ने कुछ ऐसा किया है, जिससे टिप्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रमेश तौरानी, कुमार एस तौरानी और डेविड धवन को जोर का झटका लगा है. दरअसल, वासु भगनानी ने इन सभी के खिलाफ बिना अनुमति के आइकॉनिक सॉन्ग 'चुनरी-चुनरी' का रीमेक बनाने पर 400 करोड़ रूपये का केस कर दिया है. चलिए, ये पूरा मामला समझते हैं.

वरुण धवन, पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' के रिमेक सॉन्ग का विवाद दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है. प्रोड्यूसर वासु भगनानी लगातार फिल्म के मेकर्स पर आरोप लगा रहे हैं कि 'चुनरी-चुनरी' सॉन्ग को बिना उनकी इजाजत इस फिल्म में इस्तेमाल किया गया है. पिछले एक महीने से चल रहे इस विवाद के बीच मेकर्स ने कुछ समय पहले इसका ट्रेलर रिलीज किया. अगले हफ्ते यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन रिलीज से पहले वासु भगनानी की पूजा एंटरटेनमेंट ने बॉम्बे हाई कोर्ट में फिल्म के मेकर्स के खिलाफ 400 करोड़ रूपये का मुकदमा दायर किया है, जिसमें उन्होंने कोर्ट से तुरंत राहत की मांग की है.

वासु भगनानी की कंपनी ने अपनी इस याचिका में हाई कोर्ट से फिल्म की रिलीज, प्रोमोशनल मटीरियल, स्ट्रीमिंग, कमर्शियल प्रमोशन और डिस्ट्रिब्यूशन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है. इसके अलावा, पूजा एंटरटेनमेंट ने अपनी याचिका में फिल्म का नाम बदलने और फिल्म के दो गानों ('चुनरी चुनरी' और 'इश्क सोना') को मूवी से हटाने की भी मांग की है. इसके साथ ही उन्होंने 100 करोड़ रूपये के अतिरिक्त हर्जाने की मांग की है. |छ से बात करते हुए पूजा एंटरटेनमेंट के वकील वीके दुबे ने बताया कि उन्होंने टिप्स म्यूजिक कंपनी के खिलाफ 400 करोड़ रूपये के दावे के साथ एक मुकदमा दायर किया है.

## 'करूप्पू' को पछाड़ मोहनलाल की 'दृश्यम 3' निकली आगे



सिनेमाघरों में इन दिनों साउथ की फिल्मों का दबदबा बना हुआ है. मोहनलाल स्टारर फिल्म दृश्यम 3 सिनेमाघरों में 21 मई को रिलीज हुई थी और सूर्या-तृषा कृष्णन स्टारर मूवी करूप्पू 15 मई को रिलीज हुई थी. दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई हैं और लगातार शानदार कमाई कर रही हैं. दूसरी ओर अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी स्टारर बॉलीवुड फिल्म भी 22 मई को रिलीज हुई थी और यह भी ठीक-ठाक कलेक्शन कर रही है. वहीं, इस गुरूवार इन तीनों ही फिल्मों ने कितनी कमाई की है, चलिए जानते हैं

सबसे पहले हम बात करेंगे मोहनलाल की दृश्यम 3 की. इस मूवी ने अपने रिलीज के आठवें दिन सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक 6.50 करोड़ का कलेक्शन किया है. फिल्म की ऑक्यूपेंसी इस दिन 40.8 प्रतिशत रही है. मूवी ने कन्नड़ में 20 लाख, मलयालम में 5.70 करोड़, तमिल में 20 लाख, तेलुगु में 40 लाख का कलेक्शन किया है. फिल्म ने दुनिया भर में 197.91 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. यह 200 करोड़ के बेहद करीब पहुंच गई है. वहीं, भारत में इसकी कुल कमाई 81.80 करोड़ है.

सूर्या स्टारर फिल्म करूप्पू को लेकर बात करें तो इस मूवी को फैंस ने काफी पसंद किया है.यह एक एक्शन ड्रामा मूवी है और रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है. मूवी ने अपने रिलीज के 14वें दिन 4.95 करोड़ का कलेक्शन किया है. इस दिन मोहनलाल की मूवी कमाई के मामले में आगे निकल गई है. वहीं, करूप्पू की गुरूवार को ऑक्यूपेंसी 25.4 प्रतिशत रही है और इसमें तमिल में 4.15 करोड़ और तेलुगु में सिर्फ 80 लाख का कलेक्शन किया है. 14 दिनों में इस मूवी ने दुनिया भर में 267.05 करोड़ का कारोबार कर लिया है और भारत में कुल 168.15 करोड़ की कमाई की है.

अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी स्टारर बॉलीवुड फिल्म चांद मेरा दिल पर नजर डालें तो यह मूवी 22 मई को रिलीज हुई थी. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक शुरूआत की और सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इसने गुरूवार को अपने रिलीज के 7वें दिन 2.20 करोड़ का कलेक्शन किया है. फिल्म की ऑक्यूपेंसी 14 प्रतिशत रही है. इस फिल्म ने भारत में कुल 19.45 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है और दुनिया भर में इसने 26.03 करोड़ की कमाई की है.